[2022] 13 एस.सी.आर. 250

यू.एन. कृष्णमूर्ति (अब दिवंगत) अपने वैधानिक उत्तराधिकारियों के माध्यम से

बनाम

ए. एम. कृष्णमूर्ति

(2022 की दीवानी अपील सं. 4703)

12 जुलाई, 2022

**[माननीय न्यायमूर्ति श्रीमती इन्दिरा बनर्जी एवं माननीय न्यायमूर्ति श्री ऋषिकेश रॉय]**

*विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 – धारा 16 (संशोधन से पूर्व, प्रभावी तिथि 1.10.2018) – निष्पादन हेतु तत्परता एवं इच्छा – विशिष्ट निष्पादन की अनुतोष हेतु दोनों अवयव आवश्यक – विक्रय–अनुबंध के विशिष्ट निष्पादन का वाद – कुछ राशि अग्रिम रूप से अदा की गई, शेष राशि नियत समय के भीतर न चुकाना – अनुतोष प्रदान करना – न्यायोचित नहीं – निर्णय : अनुबंध के निष्पादन हेतु तत्परता और इच्छा के मध्य अंतर होता है, और विशिष्ट निष्पादन की अनुतोष प्राप्त करने के लिए दोनों अवयव आवश्यक हैं। वादी को यह सिद्ध करना होता है कि पूरे समय, तथा वाद के अंतिम निर्णय तक, वह अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने हेतु तत्पर और इच्छुक था। केवल यह कहना या लिखित अभिकथन देना कि वह तत्पर और इच्छुक है, पर्याप्त नहीं है। प्रस्तुत मामले में, उत्तरदाता–वादी अपने अनुबंधीय दायित्व के निष्पादन हेतु तत्परता को अनुबंध के निष्पादन की तिथि से लेकर डिक्री की तिथि तक सिद्ध करने में विफल रहा, जो कि विशिष्ट निष्पादन की अनुतोष प्रदान किए जाने की पूर्व शर्त है। उत्तरदाता ने शेष विक्रय–परिव्यय न्यायालय में उस तिथि से सात वर्ष बाद जमा किया, जिस तिथि तक विक्रय निष्पादित होना था। उसके पास अनुबंध के अपने हिस्से का दायित्व पूरा करने के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध नहीं था। यह प्रमाण भी प्रस्तुत नहीं किया गया कि वह किस प्रकार या किन स्रोतों से निर्धारित समय के भीतर शेष विक्रय–परिव्यय अदा करने में सक्षम था। सात वर्ष के अंतराल के बाद शेष*

*राशि का पश्चात् किया गया जमा, उत्तरदाता की अनुबंधीय दायित्व के निर्वहन हेतु तत्परता स्थापित नहीं करता। उत्तरदाता विशिष्ट निष्पादन की अनुतोष पाने का अधिकारी नहीं था, क्योंकि वह धनराशि उपलब्ध नहीं रखते हुए भी मात्र अपने हिस्से का अनुबंध पूरा करने की इच्छा रखता था। उच्च न्यायालय का आक्षेपित निर्णय तथा विचारण न्यायालय का डिक्री, दोनों निरस्त किए जाते हैं। अपीलकर्ताओं–प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाता है कि वे उत्तरदाता को अर्जित धनराशि उसकी जमा की तिथि से लेकर वापसी की तिथि तक 7% वार्षिक ब्याज सहित लौटाएँ।*

*वाद – किसी अनुबंध के विशिष्ट निष्पादन हेतु – किसी राशि का अग्रिम भुगतान किया गया, शेष राशि नियत समयावधि के भीतर चुकाई जानी थी – निर्णय : किसी अनुबंध के विशिष्ट निष्पादन के वाद में, वादी पर यह दायित्व है कि वह अनुबंध के अधीन अपने दायित्वों के निष्पादन हेतु अपनी तत्परता और इच्छा को सिद्ध करे – जहाँ किसी राशि का अग्रिम भुगतान किया गया हो और शेष राशि को निर्धारित समयावधि के भीतर चुकाना आवश्यक हो, वहाँ वादी को यह दिखाना होता है कि वह शेष धनराशि चुकाने की स्थिति में था – वादी को यह सिद्ध करना होता है कि उसके पास धन उपलब्ध था या वैकल्पिक रूप से उसने धन प्राप्त करने हेतु आवश्यक व्यवस्था कर रखी थी।*

*वाद – विशिष्ट निष्पादन हेतु – वादी की सतत तत्परता और इच्छा – निर्णय : यहाँ तक कि प्रथम अपील में भी, प्रथम अपीलीय न्यायालय का यह दायित्व है कि वह यह परीक्षण करे कि क्या वादी की ओर से अनुबंध के निष्पादन हेतु सतत तत्परता और इच्छा विद्यमान थी।*

**अपील को स्वीकार करते हुए,**

**न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया : 1.1 निर्धारण के लिए मुख्य प्रश्न यह है कि क्या उत्तरदाता वादी ने यह सिद्ध किया है कि वह अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने के लिए तत्पर एवं इच्छुक था या नहीं? किसी अनुबंध के विशिष्ट निष्पादन के वाद में, वादी पर**

यह दायित्व है कि वह अनुबंध के अधीन अपने दायित्वों के निष्पादन हेतु अपनी तत्परता और इच्छा सिद्ध करे। जहाँ किसी राशि का अग्रिम भुगतान किया गया हो और शेष राशि को निर्धारित समयावधि के भीतर चुकाना आवश्यक हो, वहाँ वादी पर यह दायित्व है कि वह यह प्रदर्शित करे कि वह शेष धनराशि चुकाने की स्थिति में था। वादी को यह सिद्ध करना होता है कि उसके पास धन उपलब्ध था या उसने वैकल्पिक रूप से धन प्राप्त करने हेतु आवश्यक व्यवस्था की थी। इस मामले में, मूल प्रतिवादी/अपीलकर्ताओं ने निरंतर यह प्रतिपादित किया कि वादी उत्तरदाता ने न तो भुगतान की पेशकश की और न ही वह 15,00,000 रुपये की शेष विचारणीय राशि चुकाने की स्थिति में था। [कंडिका 21, 22][260-एफ–एच]

1.2 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 16 (ग) उस व्यक्ति के पक्ष में किसी अनुबंध के विशिष्ट निष्पादन की अनुतोष को प्रतिबंधित करती है, जो अपने अनुबंधीय दायित्व के निष्पादन हेतु अपनी तत्परता और इच्छा का अभिकथन तथा प्रमाण करने में विफल रहता है। धारा 16 के खंड (ग) के स्पष्टीकरण (i) के दृष्टिगत, यह आवश्यक नहीं हो सकता कि वादी वास्तव में प्रतिवादी को धन की पेशकश करे या न्यायालय में धन जमा करे, सिवाय इसके कि न्यायालय द्वारा ऐसा निर्देश दिया जाए, ताकि वह किसी ऐसे अनुबंध की आवश्यक शर्तों के निष्पादन हेतु अपनी तत्परता और इच्छा सिद्ध कर सके, जिसमें धन का भुगतान शामिल है। तथापि, स्पष्टीकरण (ii) कहता है कि वादी को अनुबंध के वास्तविक निर्माण के अनुसार उसके निष्पादन अथवा उसके निष्पादन हेतु तत्परता और इच्छा का अभिकथन करना चाहिए। किसी अनुबंध की शर्तों के अनुसार धन भुगतान के दायित्व का निष्पादन करने की तत्परता और इच्छा का अभिकथन तथा प्रमाण करने हेतु, वादी को वाद–पत्र में विशिष्ट अभिकथन करने होंगे और साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा कि अनुबंध की शर्तों के अनुसार समय पर भुगतान करने के लिए धन उपलब्ध था। अन्य शब्दों में, वादी को यह अभिकथन करना होगा कि उसके पास पर्याप्त धन था या वह समय पर धन उपलब्ध कराने की स्थिति में था ताकि वह अनुबंध के अधीन अपने दायित्व का निर्वहन कर सके। यदि

वादी के पास अनुबंध की शर्तों के अनुसार, जिसमें धन का भुगतान शामिल है, अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु पर्याप्त धन उपलब्ध नहीं है, तो वादी को विशेष रूप से यह अभिकथन करना होगा कि धन उसके लिए कैसे उपलब्ध होगा। उदाहरणार्थ, वादी यह अभिकथन कर सकता है और साक्ष्य प्रस्तुत करके सिद्ध कर सकता है कि किसी वित्तदाता के साथ उसके द्वारा पर्याप्त धनराशि के वितरण की ऐसी व्यवस्था की गई थी, जिससे धन–भुगतान से सम्बंधित अनुबंध की शर्तों का समय पर पालन किया जा सके। [कंडिका 24, 25][261-एफ–एच; 262-ए–सी]

1.3 किसी अनुबंध के विशिष्ट निष्पादन के वाद में, न्यायालय को स्वयं से निम्नलिखित प्रश्न पूछने होते हैं, अर्थात्:- (i) क्या विक्रेता और क्रेता दोनों पर बाध्यकारी कोई वैध विक्रय अनुबंध है और (ii) क्या वादी सदैव से तथा अब भी, विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 16(क) के अधीन परिकल्पित अनुसार, अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने के लिए तत्पर और इच्छुक है। अनुबंध के निष्पादन के लिए तत्परता और इच्छा के बीच अंतर होता है और विशिष्ट निष्पादन की अनुतोष हेतु दोनों अवयव आवश्यक हैं। यहाँ तक कि प्रथम अपील में भी, प्रथम अपीलीय न्यायालय का यह दायित्व होता है कि वह यह परीक्षण करे कि क्या वादी की ओर से अनुबंध के निष्पादन हेतु सतत तत्परता और इच्छा विद्यमान थी। [कंडिका 33-35][265-बी–ई]

1.4 इस मामले में, वाद–वस्तु औद्योगिक नगर होसुर में स्थित है, जो बैंगलुरु से लगभग 30/40 किलोमीटर दूर है। न्यायालय पर यह दायित्व है कि वह होसुर में अचल संपत्ति के मूल्य में हुए विलक्षण वृद्धि का न्यायिक संज्ञान ले। यह तर्क दिया गया कि वादी ने 15,10,000 रुपये के विचारणीय मूल्य में से केवल 10,001 रुपये की नगण्य राशि अग्रिम के रूप में अदा की थी। नगण्य राशि का भुगतान करने के बाद वादी विशिष्ट निष्पादन की विवेकाधीन न्यायसंगत अनुतोष पाने का अधिकारी नहीं था। यह तथ्य कि वाद तीन वर्षों के बाद, परिसीमा अवधि समाप्त होने से ठीक पहले दायर किया गया, भी उत्तरदाता वादी को

अचल संपत्ति की खरीद हेतु विशिष्ट निष्पादन की न्यायसंगत अनुतोष से वंचित करने का एक आधार था। उत्तरदाता वादी ने 13.02.2003 की नोटिस तथा अ. सा.2 और अ. सा.3 के साक्ष्यों पर अवलंबन किया यह सिद्ध करने हेतु कि वह सदैव अनुबंध के अपने हिस्से के निष्पादन के लिए तत्पर और इच्छुक था। यद्यपि यह सत्य हो सकता है कि उत्तरदाता वादी ने शेष विक्रय–परिव्यय को 06.04.2010 को न्यायालय में जमा किया था, यह तथ्य उपेक्षित नहीं किया जा सकता कि यह जमा उसके द्वारा 15.3.2003 के सात वर्षों बाद किया गया, जो वह तिथि थी जिसके भीतर विक्रय संपन्न होना था। उत्तरदाता वादी की ओर से यह कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया कि उत्तरदाता वादी किस प्रकार शेष विक्रय–परिव्यय का भुगतान करने या उसकी व्यवस्था करने की स्थिति में था। निम्न न्यायालयों ने भी इस महत्वपूर्ण मुद्दे का निर्णय करने में त्रुटि की, सिवाय इसके कि उन्होंने यह व्यापक टिप्पणी की कि, चूँकि उत्तरदाता वादी एक व्यवसायी था, उसके पास शेष धनराशि की व्यवस्था करने के स्रोत थे। 31.03.2003 की उत्तरदाता वादी की बैलेंस शीट का सावधानीपूर्वक अध्ययन यह प्रदर्शित करेगा कि उसके पास अनुबंध के अपने हिस्से का दायित्व पूरा करने हेतु पर्याप्त धन नहीं था। [कंडिका 38-40, 45][267-सी–ई; 268-ई]

1.5 विशिष्ट निष्पादन की अनुतोष के लिए, वादी को यह सिद्ध करना होता है कि वह पूरे समय और वाद के अंतिम निर्णय तक अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने के लिए तैयार और इच्छुक था। वादी का यह अनिवार्य दायित्व है कि वह साक्ष्य प्रस्तुत करके अपनी तत्परता और इच्छा को सिद्ध करे। इस महत्वपूर्ण पहलू का निर्धारण सभी परिस्थितियों पर विचार करके किया जाना होता है, जिनमें धन की उपलब्धता भी शामिल है, और केवल वाद–पत्र में तत्परता और इच्छा का कथन या अभिकथन पर्याप्त नहीं होता। इस मामले में, उत्तरदाता वादी अपने हिस्से के अनुबंधीय दायित्व को पूरा करने हेतु अपनी तत्परता और इच्छा को ठोस साक्ष्य प्रस्तुत करके सिद्ध करने के अपने दायित्व का निर्वहन करने में विफल रहा है। उसकी तत्परता और इच्छा सिद्ध करने के लिए स्वीकार्य साक्ष्य

अभिलेख पर प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। आगे, उत्तरदाता वादी की बैलेंस शीट से यह स्पष्ट है कि मार्च 2003 में उसके पास अनुबंध के अपने हिस्से के दायित्व का निर्वहन करने हेतु पर्याप्त धन उपलब्ध नहीं था। सात वर्षों के अंतराल के बाद शेष विचारणीय राशि का किया गया पश्चात जमा, उत्तरदाता वादी की अपने अनुबंधीय दायित्व के निर्वहन हेतु तत्परता स्थापित नहीं करता। उत्तरदाता वादी अनुबंध के निष्पादन की तिथि से लेकर डिक्री की तिथि तक अपनी तत्परता सिद्ध करने में विफल रहा है, जो कि विशिष्ट निष्पादन की अनुतोष प्रदान करने की पूर्व शर्त है। उत्तरदाता वादी विशिष्ट निष्पादन की अनुतोष पाने का अधिकारी नहीं था। उत्तरदाता वादी संभवतः अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने के लिए इच्छुक रहा होगा। तथापि, ऐसा प्रतीत होता है कि वह धनराशि के साथ तैयार नहीं था। वह संभवतः अपने अनुबंधीय दायित्व के निर्वहन के लिए समय प्राप्त करने का प्रयास कर रहा था। उत्तरदाता वादी विशिष्ट निष्पादन की अनुतोष पाने का अधिकारी नहीं था। विचारण न्यायालय और उच्च न्यायालय ने इस प्रकार की अनुतोष प्रदान करने में विधि और तथ्य दोनों में त्रुटि की है। उच्च न्यायालय का आक्षेपित निर्णय तथा विचारण न्यायालय का निर्णय और डिक्री निरस्त किए जाते हैं। अपीलकर्ता उत्तरदाता वादी को अर्जित धनराशि आज से चार सप्ताह के भीतर 7% वार्षिक ब्याज की दर से, उसकी जमा की तिथि से लेकर वापसी की तिथि तक, लौटा देंगे। उत्तरदाता वादी के लिए यह भी खुला रहेगा कि वह न्यायालय में जमा शेष विचारणीय राशि, यदि कोई हो, निकाल सके। [कंडिका 46-49, 51 और 52][271-डी–जी; 272-बी–सी, जी]

*भव्यनाथ बनाम के. वी. बालन,* (2020) 11 एससीसी 790 — अनुप्रयोज्य नहीं अभिनिर्धारित।

*मन कौर बनाम हरतर सिंह संघा* (2010) 10 एस.सी.सी. 512 : [2010] 12 एस.सी.आर. 515; *पं. प्रेम राज बनाम डी.एल.एफ. हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन (प्राइवेट) लिमिटेड तथा अन्य* ए.आई.आर.

**1968 एस.सी. 1355 : [1968] 3 एस.सी.आर. 648;** *एन. पी. थिरुग्नानम बनाम डॉ. आर. जगन मोहन राव तथा अन्य* **(1995) 5 एस.सी.सी. 115 : [1995] 2 सप्ली. एस.सी.आर. 53;** *उमा बाई बनाम नीलकंठ धोण्डिबा चव्हाण* **(2005) 6 एस.सी.सी. 243 : [2005] 3 एस.सी.आर. 521;** *के.एस. विद्यानदम बनाम वैरवन* **(1997) 3 एस.सी.सी. 1 : [1997] 1 एस.सी.आर. 993;** *हिज होलीनेस आचार्य स्वामी गणेश दासजी बनाम सीताराम ठापर* **(1996) 4 एस.सी.सी. 526 : [1996] 2 सप्ली. एस.सी.आर. 111;** *कलावती बनाम राकेश कुमार* **(2018) 3 एस.सी.सी. 658 : [2018] 1 एस.सी.आर. 482;** *बलराज तनेजा बनाम सुनील मदान* **(1999) 8 एस.सी.सी. 396 : [1999] 2 सप्ली. एस.सी.आर. 258;** *एच.पी. प्यारेजन बनाम दासप्पा* **(2006) 2 एस.सी.सी. 496 : [2006] 2 एस.सी.आर. 120;** *मलुरु मल्लप्पा बनाम कुरुवतप्पा* **(2020) 4 एस.सी.सी. 313;** *सरदामणि कंडप्पन बनाम एस. राजलक्ष्मी* **(2011) 12 एस.सी.सी. 18 : [2011] 8 एस.सी.आर. 874;** *पी.आर. देब एंड एसोसिएट्स बनाम सुनंदा रॉय* **(1997) 3 एस.सी.सी. 1;** *मंजुनाथ आनंदप्पा बनाम तम्मनासा* **(2003) 10 एस.सी.सी. 390 : [2003] 2 एस.सी.आर. 1068**; *अज़हर सुल्ताना बनाम बी. राजमणि* **(2009) 17 एस.सी.सी. 27 : [2009] 2 एस.सी.आर. 537;** *अत्मा राम बनाम चरनजीत सिंह* **(2020) 3 एस.सी.सी. 311 : [2020] 3 एस.सी.आर. 697** – अवलंबन किया गया।

*अर्देशीर मामा बनाम फ्लोरा सासून* **55 आई.ए. 300, पृ. 372 : ए.आई.आर. 1928 पी.सी. 208**; *कॉर्ट बनाम एम्बरगेट आदि एंड रेलवे कंपनी* **(1851) 117 ई.आर. 1229 – का उल्लेख किया गया।**

**न्यायदृष्टांत संदर्भ**

| | | |
|---|---|---|
| **[2010] 12 एससीआर 515** | **अवलंबन किया गया** | **कंडिका 26** |
| **[1968] 3 एससीआर 648** | **अवलंबन किया गया** | **कंडिका 27** |
| **[1995] 2 अनुपूरक एससीआर 53** | **अवलंबन किया गया** | **कंडिका 29** |
| **[2005] 3 एससीआर 521** | **अवलंबन किया गया** | **कंडिका 31** |
| **[1997] 1 एससीआर 993** | **अवलंबन किया गया** | **कंडिका 32** |
| **[1996] 2 अनुपूरक एससीआर 111** | **अवलंबन किया गया** | **कंडिका 34** |
| **[2018] 1 एससीआर 482** | **अवलंबन किया गया** | **कंडिका 34** |
| **[1999] 2 अनुपूरक एससीआर 258** | **अवलंबन किया गया** | **कंडिका 35** |
| **[2006] 2 एससीआर 120** | **अवलंबन किया गया** | **कंडिका 36** |
| **[2011] 8 एससीआर 874** | **अवलंबन किया गया** | **कंडिका 39** |
| **[2003] 2 एससीआर 1068** | **अवलंबन किया गया** | **कंडिका 40** |
| **[2009] 2 एससीआर 537** | **अवलंबन किया गया** | **कंडिका 40** |
| **[2020] 3 एससीआर 697** | **अवलंबन किया गया** | **कंडिका 44** |
| **(2020) 11 एससीसी 790** | **अनुप्रयोज्य नहीं अभिनिर्धारित** | **कंडिका 50** |

दीवानी अपीलीय क्षेत्राधिकार : 2022 की दीवानी अपील सं. 4703

मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा 2011 की अपील वाद सं. 262 में दिनांक 30.10.2017 को पारित निर्णय एवं आदेश से उद्भूत।

अपीलकर्ताओं की ओर से: कृष्णन वेंगुपाल, शशिकिरण शेट्टी, वरिष्ठ अधिवक्ता, महेश ठाकुर, सुश्री विपाशा सिंह, अधिवक्ता।

उत्तरदाता की ओर से: एन. डी. बी. राजू, एम. ए. चिन्नासामी, सुश्री सी. रुबावथी, सी. लीला सर्वेश्वर, टी. मयिक्कंदन, पी. राजाराम, वी. सैंथिल कुमार, अधिवक्ता।

न्यायालय का निर्णय

**माननीय न्यायमूर्ति श्रीमती इन्दिरा बनर्जी द्वारा प्रदत्त।**

अनुमति प्रदान की गई।

2. अपीलकर्ताओं की ओर से श्री महेश ठाकुर, एओआर के साथ उपस्थित श्री कृष्णन वेणुगोपाल, विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता तथा उत्तरदाता की ओर से श्री एम.ए. चिन्नासामी, एओआर के साथ उपस्थित श्री एन.डी.बी. राजू, विद्वान अधिवक्ता को सुना गया।

3. यह अपील, मद्रास स्थित न्यायिक उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर 2017 को पारित अंतिम निर्णय एवं डिक्री के विरुद्ध है, जिसके द्वारा अपीलकर्ताओं द्वारा संस्थित 2011 की अपील वाद संख्या 262 को खारिज कर दिया गया तथा उत्तरदाता-वादी द्वारा वादग्रस्त संपत्ति के विक्रय के लिए किए गए करार के विनिर्दिष्ट पालन हेतु संस्थित 2005 के मूल वाद संख्या 30 में कृष्णागिरि के प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा, जिन्हें इसमें आगे "विचारण न्यायालय" कहा गया है, दिनांक 30 नवम्बर 2010 को पारित निर्णय, आदेश एवं डिक्री की पुष्टि की गई।

4. वाद–पत्र में यह अभिकथित किया गया है कि मूल प्रतिवादी यू.एन. कृष्णमूर्ति के पिता यू.आर. नरसैया द्वारा लगभग 9 मई 1984 को एक वसीयत निष्पादित की गई थी, जिसके द्वारा वाद–वस्तु को मूल प्रतिवादी यू.एन. कृष्णमूर्ति (अब दिवंगत) को विरासत में दे दिया गया। अपने पिता यू.आर. नरसैया की 25 अप्रैल 1987 को मृत्यु के पश्चात मूल प्रतिवादी यू.एन. कृष्णमूर्ति वाद–वस्तु के पूर्ण स्वामी बन गए।

5. अपीलकर्ताओं का मामला यह है कि दिनांक 11 नवम्बर 2002 को, जब मूल प्रतिवादी वादग्रस्त संपत्ति में सफेदी करा रहा था, तब श्री एन. अंजप्पा नामक एक भू-संपदा

अभिकर्ता ने मूल प्रतिवादी से संपर्क किया और वादग्रस्त संपत्ति को अच्छे मूल्य पर विक्रय कराने की व्यवस्था करने का प्रस्ताव दिया।

6. वाद–पत्र में किए गए अभिकथनों के अनुसार, मूल प्रतिवादी ने उत्तरदाता वादी को, श्री एन. अंजप्पा, श्री एस.ए. मुरलीधरन तथा श्री एम. मुरली रेड्डी की उपस्थिति में, वाद–वस्तु को बेचने पर सहमति व्यक्त की। वाद–वस्तु की विक्रय–सहमति की शर्तें एवं परिस्थितियाँ मूल प्रतिवादी यू.एन. कृष्णमूर्ति द्वारा अपने हस्तलेख में 11 नवम्बर 2002 दिनांकित पत्र में लिखी गईं, जिसे मूल प्रतिवादी ने उत्तरदाता वादी को दिया था।

7. उत्तरदाता वादी का मामला यह है कि मूल प्रतिवादी ने वाद–वस्तु को उत्तरदाता वादी को 15,10,000 रुपये के विचारणीय मूल्य पर बेचने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें से 10,001 रुपये की राशि उत्तरदाता वादी द्वारा मूल प्रतिवादी को अग्रिम के रूप में अदा की गई थी। पक्षकारों के बीच आगे यह भी सहमति हुई थी कि उत्तरदाता वादी सम्पूर्ण विचारणीय राशि का भुगतान करके 15 मार्च 2003 या उससे पूर्व विक्रय–विलेख का पंजीकरण करवा लेगा। यह भी आरोप है कि उक्त सहमति रियल एस्टेट एजेंट श्री एन. अंजप्पा द्वारा साक्ष्यित की गई थी।

8. उत्तरदाता वादी के अनुसार, उत्तरदाता वादी ने कई बार मूल प्रतिवादी के पास जाकर शेष विचारणीय राशि की पेशकश की और मूल प्रतिवादी से उसके पक्ष में विक्रय–विलेख निष्पादित करने का अनुरोध किया, किन्तु मूल प्रतिवादी एक न एक बहाने से विक्रय–विलेख के निष्पादन को टालते रहे।

9. लगभग 13 फरवरी 2003 को, उत्तरदाता वादी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से मूल प्रतिवादी को एक विधिक नोटिस जारी किया, जिसमें यह कहा गया कि उत्तरदाता वादी अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने के लिए सदैव तैयार और इच्छुक है तथा मूल प्रतिवादी को शेष विचारणीय राशि प्राप्त कर उत्तरदाता वादी के पक्ष में विक्रय–विलेख निष्पादित करने का आह्वान किया गया। उपर्युक्त विधिक नोटिस के उत्तर में भेजे गए 10 मार्च

2003 दिनांकित पत्र द्वारा, मूल प्रतिवादी ने वाद–वस्तु के संबंध में किसी मौखिक विक्रय–सहमति में प्रविष्ट होने से इन्कार कर दिया।

10. 8 अक्टूबर 2005 को, उत्तरदाता वादी ने कथित रूप से मूल प्रतिवादी के पास जाकर शेष विचारणीय राशि प्राप्त करने तथा उत्तरदाता वादी के पक्ष में विक्रय–विलेख निष्पादित करने का अनुरोध किया। यह आरोप है कि मूल प्रतिवादी ने अपने वादे से मुकरते हुए, उत्तरदाता वादी द्वारा किए गए अनुरोध को मानने से इन्कार कर दिया।

11. इन परिस्थितियों में, लगभग 17 अक्टूबर 2005 को, उत्तरदाता वादी ने वाद दायर किया। मूल प्रतिवादी ने वाद–पत्र में किए गए आरोपों का खंडन करते हुए एक लिखित बयान दायर किया। लिखित बयान में, मूल प्रतिवादी ने यह भी खंडित किया कि उसने वाद–वस्तु को 15,10,000 रुपये के विचारणीय मूल्य पर बेचने के लिए किसी भी विक्रय–सहमति का निष्पादन किया था, जैसा कि आरोप लगाया गया है।

12 . मूल प्रतिवादी ने स्पष्ट रूप से कहा कि उसने आरोप के अनुसार उत्तरदाता वादी को वाद–वस्तु बेचने की कोई सहमति नहीं दी थी और न ही उसने 11 नवम्बर 2002 को या किसी अन्य तिथि को कोई अग्रिम राशि प्राप्त की थी, जैसा कि कहा गया है। अपीलकर्ताओं का मामला यह है कि वाद–वस्तु को बेचने के लिए कोई निष्पन्न अनुबंध अस्तित्व में नहीं था। लिखित बयान में यह भी अभिकथित किया गया है कि किसी भी स्थिति में, उत्तरदाता वादी कभी भी अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने के लिए तैयार या इच्छुक नहीं था।

13. विचारण न्यायालय ने निम्नलिखित मुद्दों का निर्माण किया:–

*"1. क्या नवम्बर 2002 के प्रथम सप्ताह में मौखिक विक्रय–सहमति सत्य है?*

*2. क्या कथित 11.11.2002 दिनांकित पुष्टि–पत्र सत्य एवं वैध है?*

*3. क्या वादी और प्रतिवादी के बीच कोई निष्पन्न अनुबंध नहीं है — यह सत्य है?*

*4. क्या वादी सदैव अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने हेतु तैयार और*

*इच्छुक रहा है?*

*5. क्या वादी विशिष्ट निष्पादन और कब्जे की अनुतोष पाने का अधिकारी है?*

*6. वादी किस प्रकार की अनुतोष पाने का अधिकारी है?"*

14. उत्तरदाता वादी ने तीन साक्षियों का परीक्षण कराया और मूल प्रतिवादी ने अपने पक्ष में स्वयं साक्ष्य दिया। 30 नवम्बर 2010 को पारित निर्णय एवं आदेश द्वारा, विचारण न्यायालय ने वाद डिक्री कर दिया और मूल प्रतिवादी को यह निर्देश दिया कि वह 15 लाख रुपये की शेष विक्रय–परिव्यय राशि प्राप्त कर उत्तरदाता वादी के पक्ष में विक्रय–विलेख निष्पादित करे।

15. विचारण न्यायालय द्वारा निर्मित सभी मुद्दों का उत्तर उत्तरदाता वादी के पक्ष में दिया गया। विचारण न्यायालय ने यह पाया कि उत्तरदाता वादी अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने के लिए तैयार और इच्छुक था, और इस प्रकार वह विशिष्ट निष्पादन की अनुतोष का अधिकारी था। विचारण न्यायालय के निर्णय का प्रासंगिक भाग निम्नलिखित है:–

*"21. परन्तु मैंने पहले ही चर्चा की है कि वादी एक व्यवसायी है और उसके पास प्रतिवादी को 15,00,000/- रुपये का भुगतान करने के लिए पर्याप्त साधन हैं तथा उक्त राशि न्यायालय में भी जमा कर दी गई है। यह तथ्य कि उक्त राशि प्रदर्श ए-4 से ए-6 में प्रदर्शित नहीं की गई है, प्रार्थना को अस्वीकार करने का आधार नहीं है। वादी अपनी संविदा का पालन करने के लिए भी तत्पर एवं इच्छुक है और उपर्युक्त चर्चाओं के दृष्टिगत, वादी विनिर्दिष्ट पालन तथा अनुसूचीबद्ध संपत्ति के कब्जे के अनुतोष का हकदार है। तदनुसार, मैं मुद्दा संख्या 4 और 5 का उत्तर देता हूँ।"*

16. आक्षेपित निर्णय एवं आदेश दिनांक 30 अक्टूबर 2017 द्वारा, उच्च न्यायालय ने विचारण न्यायालय द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री को इस आधार पर बरकरार रखा कि

उत्तरदाता वादी सदैव अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने के लिए तैयार और इच्छुक रहा है। आक्षेपित निर्णय एवं आदेश का प्रासंगिक भाग इस प्रकार है:—

*"18. दिनांक 11.11.2002 के पत्र को प्रदर्श ए-1 के रूप में चिह्नित किया गया है। प्रदर्श ए-1 में निबंधित विक्रय विलेख के निष्पादन के लिए अवधि निर्धारित की गई है। वादी का सतत मामला यह है कि बार-बार की गई मांगों के बावजूद प्रतिवादी वादी के पक्ष में विक्रय विलेख निष्पादित करने के लिए आगे नहीं आया और इसलिए एक विधिक सूचना जारी की गई। प्रदर्श ए-2 दिनांक 13.02.2003 की विधिक सूचना की प्रति है और वह प्रतिवादी द्वारा प्राप्त भी की गई थी। उसे प्राप्त करने के पश्चात उसने दिनांक 10.03.2003 की एक मिथ्या प्रत्युत्तर सूचना दी। चूँकि वादी की ओर से आवश्यक दस्तावेजी एवं मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं, इसलिए यह सहज रूप से परिलक्षित होता है कि वादी अपनी संविदा के भाग का पालन करने के लिए सदैव तत्पर एवं इच्छुक रहा है। अतः अपीलकर्ताओं/प्रतिवादीगण की ओर से प्रस्तुत चौथा तर्क भी गुण-दोषरहित होने के कारण अस्वीकार्य हो जाता है।*

*...*

*20. यह पहले ही विस्तारपूर्वक चर्चा की जा चुकी है कि वादग्रस्त संपत्ति प्रतिवादी की पूर्ण स्वामित्वाधीन संपत्ति है। प्रतिवादी (व. सा.1) द्वारा दिए गए साक्ष्य से न्यायालय भली-भाँति इस निष्कर्ष पर पहुँच सकता है कि संपूर्ण संव्यवहार वादी और प्रतिवादी के मध्य हुई मौखिक विक्रय संविदा पर आधारित है। इसके अतिरिक्त, वादी ने अपनी संविदा के भाग का पालन करने हेतु अपनी तत्परता एवं इच्छा प्रदर्शित की है। अतः किसी भी दृष्टिकोण से देखने पर अपीलकर्ताओं/प्रतिवादीगण की ओर से प्रस्तुत तर्क स्वीकार नहीं किए जा सकते।"*

17. अपीलकर्ताओं की ओर से उपस्थित विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता श्री कृष्णन वेंगुपाल ने तर्क दिया कि विचारण न्यायालय तथा उच्च न्यायालय — दोनों ने — तथ्यों के साथ-साथ

विधि में भी त्रुटि की है। उनके अनुसार, उत्तरदाता वादी की ओर से "तत्परता और इच्छा" से संबंधित मुद्दे का निम्न न्यायालयों द्वारा समुचित मूल्यांकन नहीं किया गया। विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 16(क) पर बल देते हुए, श्री वेंगुपाल ने प्रस्तुत किया कि उत्तरदाता वादी ने निरंतर "तत्परता और इच्छा" प्रदर्शित करने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया, जबकि उत्तरदाता वादी पर यह दायित्व था कि वह इसे सिद्ध करे — चाहे मूल प्रतिवादी द्वारा कोई चूक हुई हो या नहीं। श्री वेंगुपाल ने यह भी तर्क दिया कि विशिष्ट निष्पादन जैसी विवेकाधीन अनुतोष प्रदान करने से पूर्व न्यायालय को अचल संपत्ति के मूल्यों में हुई तीव्र वृद्धि का न्यायिक संज्ञान भी लेना चाहिए।

18. उत्तरदाता वादी की ओर से उपस्थित श्री एन.डी.बी. राजू ने प्रस्तुत किया कि विचारण न्यायालय द्वारा निर्मित यह मुद्दे — कि क्या वादी और प्रतिवादी के बीच कोई निष्पन्न अनुबंध था, तथा क्या वादी सदैव अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने के लिए तैयार और इच्छुक था — ये तथ्यात्मक मुद्दे थे, जिनका निर्धारण साक्ष्य के आधार पर किया जाना था।

19. श्री राजू ने तर्क दिया कि इस न्यायालय को विचारण न्यायालय और उच्च न्यायालय द्वारा उत्तरदाता वादी की अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने की तत्परता और इच्छा के संबंध में दर्ज समवर्ती तथ्यात्मक निष्कर्षों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

20. श्री राजू ने जोर देकर तर्क दिया कि उत्तरदाता वादी सदैव अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने के लिए तैयार और इच्छुक था और मूल प्रतिवादी विक्रय–विलेख के निष्पादन में विलंब करता रहा। उत्तरदाता वादी की तत्परता और इच्छा सिद्ध करने के लिए, श्री राजू ने वादी के साक्षियों एन. अंजप्पा (अ. सा.2) और एस.ए. मुरलीधरन (अ. सा.3) की गवाही का उल्लेख किया, जिन्होंने यह कहा कि उत्तरदाता वादी ने कई अवसरों पर, 15.03.2003 की अंतिम तिथि से पूर्व, मूल प्रतिवादी से विक्रय–विलेख निष्पादित करने का अनुरोध किया था, परन्तु मूल प्रतिवादी विक्रय–विलेख के निष्पादन में विलंब करता रहा।

21. यह सुव्यवस्थित सिद्धांत है कि किसी विक्रय–सहमति के विशिष्ट निष्पादन के वाद में, वादी के लिए यह सिद्ध करना अनिवार्य है कि वह अनुबंध के अधीन अपनी बाध्यताओं का निष्पादन करने के लिए तत्पर और इच्छुक था। जहाँ कुछ राशि अग्रिम में अदा की गई हो और शेष राशि किसी निश्चित समय–सीमा के भीतर अदा की जानी हो, वहाँ वादी पर यह दायित्व होता है कि वह प्रदर्शित करे कि वह शेष राशि अदा करने की स्थिति में था। वादी को यह सिद्ध करना होता है कि उसके पास राशि उपलब्ध थी, या वैकल्पिक रूप से उसने राशि की व्यवस्था करने हेतु आवश्यक प्रबंध कर रखे थे। इस मामले में, मूल प्रतिवादी/अपीलकर्ताओं का निरंतर यह अभिकथन रहा है कि उत्तरदाता वादी न तो शेष 15,00,000 रुपये की विचारणीय राशि अदा करने की पेशकश करता था और न ही वह उसे अदा करने की स्थिति में था।

22. प्रमुख प्रश्न जिसका निर्धारण किया जाना है, यह है कि क्या उत्तरदाता वादी ने अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने की अपनी तत्परता और इच्छा सिद्ध की है या नहीं?

23. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 16, जैसा कि प्रासंगिक समय पर (01.10.2018 से प्रभावी संशोधन से पूर्व) लागू थी, अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित प्रावधान करती है:–

*"**16. अनुतोष के प्रति व्यक्तिगत प्रतिषेध.**— किसी व्यक्ति के पक्ष में किसी अनुबंध का विशिष्ट निष्पादन प्रवर्तित नहीं किया जा सकता —*

*(क) जो उसके उल्लंघन के लिए प्रतिकर प्राप्त करने का अधिकारी न हो; या*

*(ख) जो अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने में अक्षम हो गया हो, अथवा अनुबंध की किसी भी आवश्यक शर्त का उल्लंघन करता हो, या अनुबंध के साथ छल करता हो, या उस संबंध के विपरीत अथवा उसके प्रतिकूल कार्य करता हो, जिसे अनुबंध द्वारा स्थापित किया जाना था; या*

*(ग) जो यह अभिकथित और सिद्ध करने में असफल रहता हो कि उसने अनुबंध की उन आवश्यक शर्तों का निष्पादन किया है या सदैव निष्पादन के लिए तैयार और इच्छुक रहा है, जिन्हें उसके द्वारा निष्पादित किया जाना है — उन शर्तों को छोड़कर जिनका निष्पादन प्रतिवादी द्वारा रोका गया हो या जिनसे प्रतिवादी ने छूट प्रदान की हो।*

*स्पष्टीकरण — उप–खंड (ग) के प्रयोजनों के लिए,—*

*(i) जहाँ किसी अनुबंध में धन–भुगतान सम्मिलित हो, वहाँ वादी के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वह वास्तव में प्रतिवादी को धन अर्पित करे या न्यायालय में कोई धन जमा करे, जब तक कि न्यायालय ऐसा करने का निर्देश न दे;*

*(ii) वादी को अनुबंध के वास्तविक आशय के अनुसार अनुबंध के निष्पादन अथवा निष्पादन की तत्परता और इच्छा का अभिकथन करना आवश्यक है।"*

24. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 16(ग) उन व्यक्तियों के पक्ष में अनुबंध के विशिष्ट निष्पादन की अनुतोष को निषिद्ध करती है, जो अनुबंध के अपने हिस्से का निष्पादन करने की अपनी तत्परता और इच्छा का अभिकथन तथा सिद्ध करने में विफल रहते हैं। धारा 16 के उप–खंड (ग) के स्पष्टीकरण (क) के आलोक में, वादी के लिए यह आवश्यक नहीं हो सकता कि वह प्रतिवादी को वास्तव में धन अर्पित करे या न्यायालय में धन जमा करे, जब तक कि न्यायालय ऐसा करने का निर्देश न दे, ताकि यह सिद्ध किया जा सके कि वह धन–भुगतान से संबंधित अनुबंध की आवश्यक शर्तों का निष्पादन करने के लिए तत्पर और इच्छुक है। तथापि, स्पष्टीकरण (ख) यह कहता है कि वादी को अनुबंध के वास्तविक आशय के अनुसार, अनुबंध के निष्पादन या उसके निष्पादन की तत्परता और इच्छा का अभिकथन करना आवश्यक है।

25. किसी अनुबंध की शर्तों के अनुसार धन–भुगतान की बाध्यता का निष्पादन करने की तत्परता और इच्छा का अभिकथन एवं सिद्ध करने के लिए, वादी को वाद–पत्र में विशिष्ट कथन करने होंगे और यह प्रदर्शित करने हेतु साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा कि अनुबंध की शर्तों के अनुरूप समय पर भुगतान करने के लिए धन उपलब्ध था। अन्य शब्दों में, वादी को यह अभिकथित करना होगा कि उसके पास पर्याप्त धन था, या वह अपनी अनुबंधगत बाध्यता का निर्वहन करने के लिए समय पर धन की व्यवस्था करने की स्थिति में था। यदि वादी के पास किसी ऐसे अनुबंध की शर्तों के अनुसार, जिसमें धन–भुगतान अपेक्षित है, अपनी बाध्यताओं का निर्वहन करने हेतु पर्याप्त धन उपलब्ध न हो, तो वादी को यह विशेष रूप से अभिकथित करना होगा कि धन उसकी उपलब्धता में कैसे आएगा। उदाहरण के लिए, वादी साक्ष्य प्रस्तुत कर यह अभिकथित एवं सिद्ध कर सकता है कि उसने किसी वित्त–प्रदाता के साथ समयबद्ध अनुपालन हेतु पर्याप्त धन की उपलब्धता के लिए कोई व्यवस्था की थी, ऐसे अनुबंध की शर्तों एवं परिस्थितियों के अनुपालन हेतु जिसमें धन–भुगतान सम्मिलित हो।

26. **मन कौर बनाम हरतार सिंह सांगहा**[1] में, इस न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि :

*"**40.** ..... कोई व्यक्ति, जो यह अभिकथित और सिद्ध करने में विफल रहता है कि उसने अनुबंध की उन आवश्यक शर्तों का निष्पादन किया है, या सदैव निष्पादन के लिए तैयार और इच्छुक रहा है, जिन्हें उसके द्वारा निष्पादित किया जाना है (उन शर्तों को छोड़कर जिनका निष्पादन प्रतिवादी द्वारा रोका गया हो या जिनसे छूट दी गई हो), वह विशिष्ट निष्पादन की अनुतोष का दावा करने से वंचित रहता है। अतः, यह मान भी लिया जाए कि प्रतिवादी ने उल्लंघन किया, फिर भी यदि वादी वाद–पत्र में यह अभिकथित करने या सिद्ध करने में विफल रहता है कि वह अनुबंध की उन आवश्यक शर्तों का निष्पादन करने के लिए सदैव तैयार और इच्छुक था, जिन्हें उसके*

1 (2010) 10 एससीसी 512

